Dainik Jagran - New Delhi - 04 - 02- 2011

हरदयाल लाइब्रेरी हुई आधुनिक

नई दिल्ली, जासं : चांदनी चौक इलाके में घूमने-फिरने के बाद आपका दिल कुछ पढ़ने-लिखने को करे तो शान से वर्षों पुराने हरदयाल लाइब्रेरी में जा सकते हैं। टाउनहॉल स्थित पूर्णतया वातानुकूलित तैयार लाइब्रेरी में पहले की अपेक्षा अब पढ़ने का दोगुना मजा आएगा। एमसीडी से अनुदान प्राप्त इस लाइब्रेरी के भूतल, प्रथम तल तथा वाचनालय में फर्नीचर आदि बिल्कुल मॉर्डन तरीके के लगाए गए है तो लाखों की संख्या में पुस्तकों को सुरक्षित रखने के लिए भी बढ़िया प्रबंध किए गए हैं।

सौदर्यीकरण का काम पूरा होने के बाद बुधवार को मेयर पृथ्वीराज साहनी ने बकायदा लाइब्रेरी में बने वाचनालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुरानी दिल्ली इलाके में रहने वाले बच्चों के लिए यह लाइब्रेरी काफी उपयोगी है। यहां जो दुर्लभ साहित्य है, उसे घर ले जाकर पढ़ने की इजाजत नहीं है। अब यहां बैठकर इसे पढ़ने का आनंद लिया जा सकता है। सबसे खास बात यह है कि लाइब्रेरी का वाचनालय सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां बैठकर पढ़ सकें।